**खबर संक्षेप**



## रामकथा में श्रीराम व माता सीता के विवाह का सुनाया प्रसंग

**उमरियापान।** भरभरा आश्रम के संत बनवारी दास महाराज के सानिध्य में उमरियापान के कटरा बाजार में भगवान राम की कथा चल रही है। ओरछा से पहुँचे संत महाराज ने सीताराम विवाह की पावन कथा का सुंदर वर्णन किया गया। कथा वाचक द्वारा भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत की गई प्रसंगमय कथा ने उपस्थित ग्रामीणों को भाव विभोर कर दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और अध्यात्ममय वातावरण में डूबकर भगवान श्रीराम और माता सीता के दिव्य विवाह प्रसंग का रसपान किया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सजावट और मनोहारी झांकियों ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सीताराम विवाह की सजीव प्रस्तुति और झांकी में दर्शाए गए प्रसंगों ने ऐसा दृश्य उत्पन्न किया जैसे मानो स्वयं मिथिला में आयोजित दिव्य विवाह समारोह को प्रत्यक्ष देखा जा रहा हो। भगवान की संजीव झांकियों का नगर भ्रमण कराया गया। कथा वाचक संत महाराज ने कथा के दौरान धर्म, मर्यादा, आदर्श जीवन और श्रीराम के आदर्श चरित्र पर भी विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि राम-सीता का पावन विवाह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आदर्श दांपत्य, संस्कार और समाज के लिए प्रेरणा का प्रतीक है। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

## खराब सड़क में गिरकर युवक हुआ घायल



**सिलौंडी।** सिलौंडी से अमहेटा मार्ग सड़क में जगह जगह गड्ढे होने के कारण आने जाने वाले लोगों की दुर्घटना होती रहती है जिसकी शिकायत करने के बाद भी समस्या का निराकरण नही हो रहा है। बुधवार को अम्हेटा से आ रहा एक 38 वर्षीय युवक का वाहन अनियंत्रित हो गया और वह गिर पड़ा जिसके कारण उसके सिर और मुंह में चोट आई । उपचार के दौरान तीन टांके भी लगे । ग्रामीण ने बताया कि सिलौंडी से अमहेटा मार्ग बहुत बहुत जर्जर हालत में है रोज ही बच्चे युवक बुर्जुन सड़क में पड़े बड़े पत्थर से टक्कर गिरते है और उनको चोट आती है । लोगों ने प्रशासन से अनेक बार सड़क निर्माण की मांग किया है परंतु अभी तक सिलौंडी से अमहेटा मार्ग की स्वीकृति नही मिली है ।

## लंबित प्रकरणों के राजीनामे से निराकरण हेतु बैठक आयोजित

**कटनी।** बुधवार को जिला न्यायालय कटनी के कॉफ्रेंस हॉल में दोपहर 2 बजे जिला न्यायाधीश गोपेश गर्ग द्वारा नेशनल इंश्योरेंशन बीमा कंपनी एवं यूनाईटेड बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में राजीनामा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ताओ एवं आवेदक अधिवक्ताओं से न्यायालय में लंबित मोटर दावा दुर्घटना प्रकरणों के राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा की गई एवं अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना व्यक्त की गई। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण कराये जाने हेतु आमजन से अपील की।

### बरगवां, अल्फर्ट गंज एवं बस स्टैण्ड में अतिक्रमण अमला ने की कार्यवाही

# सड़क में अतिक्रमण कर कबाड़ व्यवसाय करने पर हुई जुर्माना कार्यवाही, दी गई सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा मार्गों पर अवैध अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को सुभाष चैक स्थित अल्फर्टगंज में जहां लंबे समय से सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कबाड़ सामग्री फैलाकर आवागमन में व्यवधान उत्पन्न कर रहे कबाड़ व्यवसायी के विरुद्ध कार्रवाई कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं नगर के दो अलग अलग स्थलों पर सार्वजनिक मार्गो में कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित करते हुए व्यवसाय करते पाए जानें पर जुर्माने की कार्यवाही भी की गई।

नगर निगम सीमांतर्गत मुख्य बाजार क्षेत्र सुभाष चौक स्थित अल्फर्टगंज बस्ती के मार्ग में अवैध रूप से अतिक्रमण कर आवागमन एवं सफाई व्यवस्था को प्रभावित कर कबाड़ का व्यवसाय करने की शिकायत पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा त्वरित संज्ञान में लिया गया। तथा नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से गंभीरता से लेते हुए निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह एवं अतिक्रमण शाखा को ऐसी



शिकायतों के संबंध आवश्यक कार्यवाही करते हुए, कृत कार्यवाही से अवगत कराने निर्देश दिए गए।

### नोटिस जारी कर की गई कार्यवाही

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश के अनुपालन में निगम के कार्यपालन यंत्री द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 322 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन पाए जानें पर अनाधिकृत रूप से कबाड़ का व्यवसाय करनें वाले अब्दुल सत्तार मौहम्मद हुसैन को नोटिस जारी कर तीन दिवस में अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने हेतु सूचित किया गया था। निर्धारित समयावधि बीतने पर बुधवार को निगम के अधिकारियों एवं अतिक्रमण दल द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही संपादित करने हेतु अल्फर्टगंज पहुंचने पर संबंधित कबाड़ व्यवसाई द्वारा समय की मांग की जाकर स्वयं से ही कबाड़.सामग्री हटाकर मार्ग को खाली करनें की कार्यवाही की गई। इस दौरान निगम अधिकारियों की भी मौके पर मौजूदगी रही।

### बरगवां एवं बस स्टैंड में कार्यवाही

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अतिक्रमण टीम द्वारा नागरिकों की सुगम आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर बरगवा में भी कार्यवाही की गई। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान बरगवां मुख्य मार्ग में कबाड़ व्यवसायी सादिक खान द्वारा सार्वजनिक मार्ग में कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित करते पाए जानें पर उनके ऊपर एक हजार रूपये का जुर्माना किया गया। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में बस स्टेंड में निरीक्षण के दौरान कबाड़ व्यवसायी श्री संतोष सोनी द्वारा भी कबाड़ सामग्री दुकान की निर्धारित सीमा के बाहर रखकर सार्वजनिक मार्ग बाघित करनें पर एक हजार रूपये का जुर्माना किया गया। इस दौरान कबाड़ व्यवसायियों को दुकान की निर्धारित सीमा के अंदर सामग्री रखकर व्यवसाय करने की सख्त हिदायत दी गई।

निगम प्रशासन की इस कार्रवाई से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन व्यवस्था सुचारू हुई है, तथा नागरिकों को काफी राहत मिली है। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अतिक्रमण विभाग द्वारा रोजाना नगर भ्रमण कर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा सार्वजनिक मार्ग की आवागमन व्यवस्था बाधित करनें वाले कबाड़ व्यवसाईयों को भी चिन्हित किया जाकर नोटिस भेजे भेजे जा चुके है जिनपर भी शीघ्रता से कार्यवाही की जाएगी। इस संपूर्ण कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित अतिक्रमण दल के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



# बिजली चोरी करने पर मोटर पंप एवं वायर की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रबी सीजन की फसलों को लेकर खेतों में जुताई, बोवनी एवं सिंचाई कृषि कार्य शुरू हो गया है। सिंचाई के लिए बिजली चोरी तो नहीं की जा रही इसके लिए विद्युत विभाग भी एक्शन में आ गया है। विभाग के कर्मियों द्वारा चेकिंग अभियान चालू कर दिया गया है। मंगलवार व बुधवार को बहोरीबंद, बचैया व बाकल विद्युत वितरण केंद्र की टीमों ने अपने-अपने विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले गाँवों मै जाकर चेकिंग अभियान चलाया जहां वो किसानों के खेतों में पहुँचे। कहीं घरेलू विद्युत पोल से लाइन खींचकर कृषि कार्य करने, बिना परमानेंट कनैक्शन के बिजली उपयोग व बिना टीसी लिए विद्युत उपयोग करने पर कई किसानों पर कार्रवाई की गईं।

कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक गढेवाल, जेई राजकुमार सेन, पवन तिवारी, अनिल तिवारी,मुन्ना लाल तिवारी, राजेश उपाध्याय, सतीश साहू उपस्थित रहे। सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल ने बताया कि बहोरीबंद के उदयपुरा, नयागाँव, चरगवां, मवई, ककरेहटा, छपरी सहित अन्य गाँवो पहुंचकर विद्युत टीम ने दबिश दी जहाँ खेतों में पहुंचकर विद्युत विभाग की टीम ने आधा सैकड़ा किसानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गईं। विद्युत विभाग की टीम द्वारा मोटर पम्प व तार जब्त की गईं ओर अवैध तरीके से विद्युत चोरी का प्रकरण बनाया गया। इन सभी लोगो के विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा।

# 4 वेयरहाउस में मिली 8 हजार 670 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से धान का भंडारण व परिवहन करने वाले व्यक्तियों, दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों की आकस्मिक जांच का सिलसिला निरंतर जारी है। इससे अवैध रूप से धान के जमाखोरों व व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ऐसे जमाखोरों के कुत्सित मंसूबों पर सख्त नजर रखने राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी का संयुक्त जांच दल गठित किया है। जो हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रहा है। कलेक्टर के सख्त निर्देश हैं कि नियम विरूद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वाले लोगों पर कड़ी



कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय।

### यहां की गई कार्यवाही

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के पालन में बुधवार को संयुक्त जांच दल ने 4 वेयरहाऊसों में भंडारित कृषि उपज का भौतिक सत्यापन करने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो वेयरहाऊसों के भौतिक सत्यापन में 21 हजार 675 बोरियों में 8 हजार 670 क्विंटल धान पाई गई। जिसमें भौतिक सत्यापन के दौरान जांच में के.जी. चौदहा वेयरहाऊस एण्ड एग्रो सर्विसेज में 18 हजार 268 बोरियों में 7 हजार 302 क्विंटल धान और मधुर नीलकण्ठेश्वर वेयरहाऊस में 3 हजार 407 बोरियों में 1 हजार 362 क्विंटल धान भंडारित होना पाई गई। इसके अलावा दो अन्य वेयरहाऊसों क्रमशः सांवरिया वेयरहाऊस और श्रीजी वेयरहाऊस भी जांच दल पहुंचा इन दोनों वेयरहाऊसों में धान भंडारित नहीं पाई गई। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 में वर्णित प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

जांच दल में खाद्य विभाग से कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, प्रियंका सोनी, रवीन्द्र पटेल और कृषि उपज मंडी के सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार त्रिपाठी मंडी निरीक्षक सी एस मरावी सहायक उपनिरीक्षक विकास नारायण मिश्रा व सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मीकांत शामिल रहे।

## संविधान दिवस पर भीम आर्मी एवं संगठनों ने निकाली रैली



संविधान दिवस के मौके भीमआर्मी एवं अन्य संगठनों के द्वारा पर रैली निकाली गई। मुख्य रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता एकत्रित हुए। रैली के पूर्व संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया एवं संविधान की रक्षा करने शपथ दिलाई गई। उसके बाद रैली की शुरुआत स्टेशन चौराहे से सुभास चौक, गाँधी द्वार, मिशन चौक से होकर कचहरी चौराहे पहुंची जहाँ कार्यकर्ताओ ने डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा संविधान मे देश के प्रत्येक नागरिक को सामान हक अधिकार दिये जाने की बात बताई। इस दौरान जिला अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध, संदीप चौधरी, राम सूर्यवंशी, जय सूर्यवंशी, नागेंद्र अहिरवार, साजन दास, सुरेश कोल, विजय चौधरी, अनिमेष पटेल, पूरन सिंह परस्ते, सरमन चौधरी,सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

# देश की एकता, अखंडता और प्रगति का मूल आधार है भारतीय संविधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड के सीएससी सेंटरों मे बुधवार को भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। सीएससी सेंटर स्लीमनाबाद विजय कम्युनिकेशन में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सीएससी सेंटर संचालक विजय हल्दकार ने कहा कि भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया!संविधान भारत की एकता, अखंडता और प्रगति का मूल आधार है। संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का पवित्र ग्रंथ है। यह



समानता, स्वतंत्रता और न्याय का आधार स्तंभ है, जो हमें एकता और अखंडता के सूत्र में बांधता है। हम सभी अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करें। भारतीय संविधान हमारा गौरव और स्वाभिमान है, जो हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। संविधान हमारी आत्मा है ओर इसकी हिफाजत करना हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है!कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित सभी को संविधान शपथ दिलाई गईं कि संविधान के मूल्यों को सदैव अक्षुण्ण रखेंगे और देश विकास में अपना योगदान देंगे।

**रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुई घटना, आरोपित गिरफ्तार**

# पत्नी के साथ कथित अवैध संबंध होने के संदेह में युवक के गुप्तांग में मारी चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ कथित अवैध संबंध के संदेह में एक युवक ने दूसरे युवक के प्राइवेट पार्ट में चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चौराहे के पास हुई घटना

घटना मंगलवार देर रात रंगनाथ थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पान भंडार चौराहे के पास हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह विवाद रितिक गोटियां और शैलेन्द्र गोटियां नामक दो युवकों के बीच हुआ था।



### आरोपित को है संदेह

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद की वजह रितिक गोटियां की पत्नी के शैलेन्द्र गोटियां के साथ कथित अवैध संबंध होने का शक है। इसी बात को लेकर दोनों युवकों के बीच काफी समय से तनाव चल रहा था।

मंगलवार देर रात जब रितिक गोटियां और शैलेन्द्र गोटियां का लक्ष्मी पान भंडार चौराहे पर आमना-सामना हुआ, तो उनके बीच बहस शुरू हो गई। यह बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान, रितिक गोटियां ने आवेश में आकर शैलेन्द्र गोटियां के गुप्तांग पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से शैलेन्द्र गोटियां गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### आरोपित को किया गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही रंगनाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। आरोपी रितिक गोटियां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

# संविधान आधारित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में बुधवार को अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संविधान दिवस मनाया गया। भारत के संविधान के निर्माण और अंगीकरण की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। राजनीति विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य थीम "भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन" रही।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों, अतिथि विद्वान, कार्यालय स्टॉफ तथा छात्राओं के साथ मिलकर भारतीय संविधान की



प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान पूरे सभागार में "हम भारत के लोग..." की गूंज सुनाई दी, जिसने सभी को संविधान के प्रति निष्ठा और गर्व का भाव जगाया।

उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे जीवंत और वृहद् लिखित संविधान है, जो हमें समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प देता है। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों के योगदान को याद करते हुए कहा कि यह संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय गणतंत्र की आत्मा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. विमला मिंज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब युवा पीढ़ी संविधान के मूल्यों को हृदय से अपनाए। उन्होंने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन पर बल देते हुए छात्राओं से संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा रखने का आह्वान किया।

प्रस्तावना वाचन के पश्चात दो रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पहली थी "भारतीय संविधान प्रश्नमंच प्रतियोगिता" जिसमें छात्राओं ने संविधान की विभिन्न धाराओं, अनुच्छेदों और संशोधनों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आंकाक्षा जायसवाल, द्वितीय स्थान पर संध्या पटेल और तृतीय स्थान पर साक्षी चौधरी रहीं। दूसरी प्रतियोगिता "मौलिक अधिकारों पर स्लोगन प्रतियोगिता" थी, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मक और प्रेरक स्लोगन प्रस्तुत किए। इसमें सोनम पटेल, पूजा कोरी और सोनम ठाकुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्राचार्य और प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की समिति सदस्यों डॉ. रोशनी पाण्डेय, प्रियंका सोनी, स्मृति दहायत, सृष्टि श्रीवास्तव, आंजनेय तिवारी, डॉ. मदन सिंह मरावी तथा मीनाक्षी वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# 21 हजार की अवैध मदिरा जब्त, 11 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को वृत्त स्लीमनाबाद क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेवरी, टिकरिया, बिछुआ, देवरी सानी, पडरभटा, धरवारा, कारीपाथर एवं बंधी में आबकारी विभाग द्वारा दबिश दी गई।

जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 98 पाव देशी मदिरा मसाला, 89 पाव देशी मदिरा प्लेन और 33 पाव गोवा व्हिस्की विदेशी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा की क़ीमत 21 हज़ार 518 रुपए आंकी



गई है। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के कुल 11 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके के मार्गदर्शन में हुई इस कार्यवाही में आबकारी वृत स्लीमनाबाद प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, सैनिक प्रभुलाल सेन द्वारा की गई।

**खबर संक्षेप**



## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**विजयराघवगढ़।** राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत हेल्थ विज़न मिशन के अंतर्गत मॉडल रोड स्थित ममता आई केयर क्लिनिक में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 200 मरीजों की विस्तृत नेत्र जांच की गई जिनमें 50 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। इनमें से 40 मरीजों को सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर रेफर किया गया जहाँ उनका मोतियाबिंद ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना तहत पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में नेत्र परीक्षण समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष विपिन सिंह पटेल सदस्य चन्द्रभान पाल सुमिति कुशवाहा और विक्रम यादव की उपस्थिति व सहयोग रहा। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाले लेंस, दवाएँ, फेको मशीन से आधुनिक सर्जरी तथा आवश्यक होने पर वाहन सुविधा बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जा रहा है।

## संविधान निर्माण पर रखे विचार, दिलाई शपथ

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में संविधान दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. अखिलेश द्विवेदी ने महाविद्यालय के विद्यार्थीयों और प्राध्यापकों को संविधान की शपथ दिलाई। इसके उपरांत डॉ. बृजलाल अहिरवार ने संविधान के निर्माण और उसके अनुच्छेदों पर विचार रखें। डॉ. राजाराम सिंह ने उद्बोधन में कहा कि, देश की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संविधान की महती आवश्यकता है। संविधान दिवस के मौके पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शिवानी राजपाल बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीर्षा मंडल, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मनीषा व्यास, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, डॉ. हर्षित द्विवेदी, युवराज तिवारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## भारतीय संविधान के प्रस्तावना का हुआ वाचन

**विजयराघवगढ़।** शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत ₹संविधान दिवस ₹के उपलक्ष में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ अरुण कुमार द्वारा भारतीय संविधान तथा मौलिक अधिकारों एवं अनुच्छेदों से महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को परिचित कराया गया एवं संविधान तथा मौलिक अधिकारों की विशेषताओं से अवगत कराया गया। डॉ ज्योति सोनी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया । इस कार्यक्रम में छात्रा समीक्षा विश्वकर्मा के द्वारा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों को समझाया गया।

---

### बरगवां, अल्फर्ट गंज एवं बस स्टैण्ड में अतिक्रमण अमला ने की कार्यवाही

# सड़क किनारे रेत, गिट्टी का ढेर लगाकर किया जा रहा कारोबार, हादसे का खतरा

मुख्य मार्गों में हादसे एवं जाम की समस्या आम बात है लेकिन इसके लिए कई हद तक जिम्मेदारों की बेपरवाही भी जिम्मेदार है। सड़क किनारे अस्थायी अतिक्रमण नहीं हटाने एवं भवन निर्माण सामग्री का बिखराव भी हादसे की वजह बनता है। भवन निर्माण सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानदार सड़क किनारे ही रेत एवं गिट्टी का ढेर लगा देते हैं जिससे कई बार गिट्टियों की वजह से वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो जाते हैं।




**हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद**

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद की सडक़ के किनारे भवन निर्माणी सामग्री खासकर गिट्टी व रेत का जगह जगह ढेर लगाकर कारोबार किया जा रहा है। स्लीमनाबाद के लगभग सभी मार्गों में सामग्री रखकर अतिक्रमण किया गया है लेकिन प्रशासन इस बड़ी समस्या के प्रति बेपरवाह है। बहोरीबंद तिराहा से लेकर स्लीमनाबाद तिराहा तक मार्ग के दोनो ओर जगह-जगह भवन निर्माण सामग्री विक्रेता रेता ,गिट्टी व लोहा का ढेर लगाए हुए है। वही वाहनो की सर्विसिंग करने वाले टपरे रखकर काम कर रहे है।हद तो यह कि दिन प्रतिदिन सडक़ों पर लगने वाली एवं दुकानों को सडक़ों तक लाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिससे वाहनों की कौन कहे इन सडक़ों पर पैदल चलने वालों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।बड़ी बात यह है कि इस मार्ग से होकर हर दिन जिले के वरिष्ठ अधिकारियों का आना-जाना होता है। लेकिन अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की अनदेखीजारी है। जिसका नतीजा हर आम व्यक्ति प्रत्येक दिन भुगत रहा है। अतिक्रमण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां प्रत्येक दिन विभिन्न सामग्री के विक्रेताओ के द्वारा सड़क के किनारे ही लगा रहे है।

स्थानीय जनो का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्यवाही जरूरी है।इसके अलावा राजनीतिक दखल भी नहीं होना चाहिए। देखने में आता है कि अगर प्रशासन अतिक्रमण पर कार्यवाही करने जाती है तो नेताओं के फोन उनके पास पहुंचने लगते हैं। इससे वे पीछे हट जाते हैं।

सडक़ पर अतिक्रमण के जिम्मेदार दुकानदार ही नहीं बल्कि वाहन चालक भी है। वे जहां मन करता है वहीं वाहन खड़े कर देते हैं। ऐसे में समस्या होती है और आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है।स्लीमनाबाद तिराहा मैं तो शाम के समय आवागमन करना मुश्किल होता है।मार्ग के दोनो ओर वाहनों की पार्किंग रहती है।

इस संबंध मे थाना प्रभारी सुदेश सुमन का कहना है कि स्लीमनाबाद तिराहा में वाहनों की चेकिंग समय -समय पर की जाती है। पूर्व में भी वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई थी कि पार्किंग व्यवस्था तिराहा में न बनाये।यदि वाहन चालक मनमाने तरीके से पार्किंग व्यवस्था बना रहे तो अभियान चलाकर कारवाई की जाएगी।

वहीं एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना था कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाती है। अब जल्द ही अभियान चलाकर सडक़ों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

---



## चमत्कार नहीं विज्ञान है, छात्र छात्राओं को दी रोचक जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़**

**नाटक से माध्यम से दिखाया कि किस तरह ढोंगी बनाते है बेवकूफ**

विजयराघवगढ़ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा अंधविश्वास को दूर भगाने एवं विज्ञान की समझ को समाज में जन-जन तक पहुंचाने के लिए विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने निर्देशित किया गया है जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से विज्ञान के चमत्कारों को जादू की तरह प्रस्तुत किया वही विज्ञान गीत के माध्यम से विभिन्न आविष्कारों और विज्ञान की रोचक जानकारियां देते हुए विज्ञान नाटक के द्वारा समाज में पहले अंधविश्वास कुरीतियों जिसे दूर करने के संदेश दिए गए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किस तरह से ढोंगी पाखंडी भोले वाले लोगों को बेवकूफ बना दिया जाता है उन्हें विज्ञान के बारे में जानकारी किस तरह दे सकते हैं

विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 16 विद्यालय ने अपनी सहभागिता की इनमें से चयनित छात्राएं आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजें जा सकेंगे बता दें कि मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा अंधविश्वास को दूर भगाने के लिए उक्त कार्यक्रम आयोजित करके शासन द्वारा दिए गए निर्देश का पालन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्य सहित विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

*परिजनों ने कहा जब तक जमीन पर कब्जा नहीं मिलेगा, धरना रहेगा जारी*

# एसपी कार्यालय में आदिवासी परिवार ने दिया धरना, परेशान करने आरोप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर एक आदिवासी किसान परिवार धरना देकर बैठक गया। परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों पर अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। विवादित जमीन से विरोधी का कब्जा हटवाकर उन्हें वापस दिलाने की मांग कर रहा है। धरने पर बैठे ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया जटवारा थाना कुठला निवासी 75 वर्षीय सुकराती पिता जौहर गौड़ ने बताया कि उनकी जमीन का मामला उनके भतीजे अशोक गौड़ के साथ न्यायालय में विचाराधीन है।



सुकराती गौड़ ने आरोप लगाया कि 14 अक्टूबर को जब वे अपनी गेहूं की फसल बोने की तैयारी कर रहे थे, तभी कुठला थाने का 112 वाहन उनके खेत पर पहुंचा। वाहन में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें खेत में बुवाई न करने की सख्त हिदायत दी। किसान का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने गांव के सरपंच और ट्रैक्टर मालिकों को भी निर्देश दिए कि ₹इसका खेत कोई भी ट्रैक्टर चालक नहीं जोतेगा।

सुकराती गौड़ के अनुसार, पुलिस की इस दखलंदाजी के कारण वह अपने ही खेत में अनाज उगाने में असमर्थ हो गए हैं। उन्होंने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की, लेकिन उन्हें कोई सहायता नहीं मिली।

फरियादी और उनका परिवार मांग कर रहा है कि जब तक अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती और उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया जाता, तब तक वे पूरे परिवार के साथ यहीं धरने पर बैठे रहेंगे।

धरने पर बैठे आदिवासी परिवार की सुध लेने कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा शाम को मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को समझाने का प्रयास किया और उन्हें धरना प्रदर्शन समाप्त कर, न्यायालय की शरण में जाने की सलाह दी। हालांकि, पीड़ित परिवार अपनी मांगों पर पूरी तरह अडिग रहा और उन्होंने धरना समाप्त करने से साफ इनकार कर दिया।

इस संबंध में कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा का कहना है कि यह मामला एक पारिवारिक जमीनी विवाद से संबंधित है। उनका कहना है कि पुलिस सिर्फ दोनों पक्षों के बीच किसी भी संभावित झगड़े या अप्रिय स्थिति को शांत करने के उद्देश्य से मौके पर पहुंची थी।

---

### एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत होगा पौधारोपण



पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत लखाखेरा के ग्राम बरगवां में 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के तहत कार्यशाला और हितग्राही संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। हितग्राही रौशनी बाई के खेत में आयोजित कार्यशाला के दौरान, अभियान के लिए चुने गए 12 हितग्राहियों से फलदार पौधों के रोपण और उनकी देखभाल की विधियों पर चर्चा की गई। इस पहल के माध्यम से चयनित हितग्राहियों की निजी भूमि पर फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। सभी हितग्राहियों ने इस कार्य में उत्साह के साथ सहयोग करने और अपनी निजी भूमि पर फलदार पौधों का रोपण करने के लिए अपनी सहमति दी। कार्यशाला में सहायक यंत्री प्रियंका लखेरा, एपीओ डॉ. अजीत सिंह, बबिता सिंह, अमित सिंह, कैलाश वर्मा, उपयंत्री डी.एस. बघेल, सरपंच पूजा दहिया, मेट आरती बाई और सुमन बाई सहित उपस्थित रहे।

---

# जर्जर मार्ग एवं बहते गंदे पानी से परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान**

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की नेगई ग्राम पंचायत में जर्जर सड़क से रहवासी परेशान हैं। कच्चा मार्ग पूरी तरह खराब हो चुका है। जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे हो गए है। उबड़ खाबड़ रास्ता होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सुधार कार्य को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।



ग्रामीणों का कहना है कि नेगई के इस मोहल्ले में अधिकतर आदिवासी समुदाय के लोग रहते है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई। निर्माण का काम शुरू नहीं होने से आवाजाही में भारी परेशानी होती है। इस मार्ग से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पानी से भरे गड्ढों के कारण फिसलने और दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। कई बार वाहन फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे लोग घायल तक हो जाते हैं।

रहवासियों ने सरपंच- सचिव से जल्द सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। नेगई के आदिवासी मोहल्ले में सड़क और नाली निर्माण का काम नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। ग्रामीणों को बदबूदार और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।वाहनों के गुजरने पर गंदा पानी घरों की दीवारों में उछलकर लगता है, जिससे लोगों के बीच आए दिन कहासुनी और विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

---

*खाद एवं बीज से संबंधित समस्या एवं शिकायतों की दें सूचना*

# जिले के लिए 1050 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद की एक रैक पहुंची

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1050 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।



कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। वर्तमान में जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि यह सुनिश्चित हो कि किसान भाइयों को सहजता से खाद उपलब्ध हो।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 130 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 250 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### यहां करें शिकायत

कलेक्टर श्री तिवारी ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर करें।

---

### संविधान दिवस पर जिले भर में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# सरकारी दफ्तरों, विद्यालयों उद्देशिका का वाचन कर दिलाई संविधान की शपथ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

जिले भर में बुधवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में संविधान दिवस पर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई और उद्देशिका का वाचन किया गया। अपर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका, "हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं" की शपथ दिलाई।





इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर त्रय प्रदीप कुमार मिश्रा, विंकी सिंहमारे उइके, ज्योति लिल्हारे व डीआईओ प्रफुल्ल श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल, सहायक संचालक कृषि मनीष मिश्रा, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरव नामदेव, हरप्रीतसिंह ग्रोवर, रत्नेश मिश्रा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा सहित कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

संविधान सभा ने औपचारिक रूप से 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। वहीं, स्कूल और कॉलेजों, ग्राम पंचायतों में भी संविधान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यही वह दिन है, जब आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी, इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

### बड़वारा में आयोजन

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में मनाया गया संविधान दिवस दिनांक 26 -11-2025 को भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर अंतर्गत माह नवम्बर में "भारतीय संविधान दिवस" मनाया गया। इस उपलक्ष्य में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन, "भारतीय संविधान" विषय पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं मौलिक अधिकारों पर स्लोगन प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ. एल.के. सिंह की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ.राजेशकुमार के संयोजन में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने प्रस्तावना के एक- एक शब्द को व्याख्यित कर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.आदित्य गढ़ेवाल, डॉ. कल्पना सतनामी, डॉ .योगिता अरजरिया ,श्रीमती तोषी पटेल, सुशील चंद्र दुबे, डॉ. रामनरेश वर्मा , डॉ. मुकेश झरिया , डॉ.ब्रजेश पाण्डेय,डॉ विमला सिंह एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# रात्रि में रैन बसेरा पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा जरूरतमंद एवं बेसहारा लोगों के लिए संचालित रेन बसेरा वाहन सेवा लगातार जारी है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की टीम रात्रि के समय शहर के प्रमुख मार्गों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को वाहन के माध्यम से बस स्टैंड स्थित रेन बसेरा तक सुरक्षित पहुंचा रही है, जिन्हें ठंड से बचाव हेतु आश्रय की आवश्यकता होती है।

निगम प्रशासन द्वारा प्रतिवर्षानुसार यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही रेन बसेरा में ठहरने वाले व्यक्तियों के लिए कंबल, समुचित साफ-सफाई पानी, शुद्ध पेयजल तथा आवश्यक सुविधाओं की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

रैन बसेरा प्रभारी एवं निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि मंगलवार रात्रि रैन बसेरा वाहन के माध्यम से नगर भ्रमण किया जाकर मुख्य स्टेशन के बाहर से दो जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरा भेजने की कार्यवाही की गई। वहीं नगर के अन्य स्थलों से भी जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरा भेजा गया। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि रात्रि के दौरान रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण करने पर वहां 47 पुरुष एवं 4 महिलाओं कुल 51 जरूरतमंद लोगों द्वारा रैन बसेरा की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाते हुए सुरक्षित एवं सुविधाजनक रूप से रात्रि विश्राम करते पाया गया।

## सनातन संस्कृति में 16 संस्कारों का बहुत महत्व: पं. बृज बिहारी सरकार

# जो व्यक्ति संस्कारों से विहीन हो जाता है वह मनुष्य होकर भी पशु से बदतर जीवन जीता है

### तेंदूखेड़ा-सैलवाडा में भागवत कथा का पाँचवाँ दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



सैलवाडा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। कथा के पाँचवें दिवस पर कथा वाचक पंडित बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को श्रीकृष्ण लीला, जीवन मूल्यों और सनातन संस्कृति के गौरवशाली संस्कारों का गहन संदेश प्रदान किया। पंडित शास्त्री ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह स्वयं की कमियों को देखने के बजाय सदैव दूसरों की कमियों पर ध्यान देता है। यदि व्यक्ति आत्मचिंतन कर अपनी त्रुटियों को दूर करे तो उसका जीवन स्वतः ही श्रेष्ठ बन सकता है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु और संतों का आशीर्वाद कभी व्यर्थ नहीं जाता। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात उनकी मधुर एवं प्रेरणादायी बाल-लीलाओं का रसपान कराया गया। पूतना वध प्रसंग का वर्णन करते हुए पंडित शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला लोकहित और धर्म रक्षा के लिए होती है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि इन लीलाओं से हमें निष्काम भाव, सेवा, साहस और धर्मनिष्ठा का संदेश ग्रहण करना चाहिए।

पंडित शास्त्री ने सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों — गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत (उपनयन), वेदारम्भ, केशांत, समावर्तन, विवाह तथा अन्त्येष्टि — का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि ये संस्कार व्यक्ति के जीवन को पवित्र, अनुशासित एवं संस्कारित बनाते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "जो व्यक्ति संस्कारों से विहीन हो जाता है वह मनुष्य होकर भी पशु से बदतर जीवन जीता है।"

विवाह संस्कार पर विशेष प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी शादी में एक संत का होना सौभाग्य का संकेत होता है। संत भगवान के परम भक्त होते हैं और उनका आशीर्वाद नवदंपत्ति को दीर्घ, सुखी एवं मंगलमय दांपत्य जीवन का वरदान देता है।

कथा स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन समिति ने बताया कि कथा आगे भी निरंतर इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होती रहेगी।

## ग्राम जमनेरा में महिलाओं ने कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर की शराबबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद क्षेत्र के ग्राम जमनेरा में जनपद सदस्य अर्चना राम सिंह ने गांव की महिलाओं को इकट्ठा करके सरपंच सचिव एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को बुला करके ग्राम सभा का आयोजन किया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। गांव में कोई व्यक्ति शराब नहीं बेचेगा ना ही शराब पीकर गाली गलौज करेगा। ऐसा करने वालों पर पंचायत द्वारा जुर्माना वसूला जाएगा गांव की महिलाओं बच्चों युवाओं के साथ सभी ने मिलकर गांव में नशा मुक्ति रैली निकाली एवं जो व्यक्ति गांव में शराब बेच रहे थे बना रहे थे। उनके घर-घर जाकर के निवेदन किया कि आज के बाद आप लोग शराब नहीं बेचेंगे ना बनाएंगे अगर ऐसा करते हैं तो कार्यवाही कड़ी करवाई जाएगी सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई। सभी ने कहा कि हम गांव वाले जैसा चाहते हैं वैसा करेंगे। बैठक में सरपंच किशोर सिंह सचिव विजय पटेल प्रधान आरक्षक शर्मा जी गांव के वरिष्ठ जन एवं भगवती मानव कल्याण संगठन से प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह संभाग के अध्यक्ष सुजान सिंह युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष कोमल यादव गणेश यादव बबलू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश धुर्वे महिला संगठन से ब्लॉक अध्यक्ष मालती ठाकुर जनपद सदस्य अर्चना राम सिंह पूर्व सरपंच कमला अहिरवार की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर किया माल्यार्पण

**दमोह।** श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर रनेह हटा विधानसभा में माल्यार्पण कर भारतीय संविधान पर प्रकाश डाला गया। देवेन्द्र चौधरी जिलाध्यक्ष श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ ने भारतीय संविधान समानता, स्वतंत्रता न्याय पर आधारित है। भारतीय संविधान में नागरिको को मूल अधिकार दिये हमें अपने देश के संविधान पर गर्व है। माल्यार्पण में रनेह जनपद सदस्य श्री मोतीलाल अहिरवार, सुरेश अहिरवार, हुकुम ठेकेदार, राजेश अहिरवार, मुन्नी, रघुवीर, अनीश, विज्जू, हरिदास अहिरवार, राजा, मयंक सहित अनेक सदस्यो की उपस्थिति रहीं।

### बाल विवाह अभिशाप है, और अपराध है

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले में शादियों का मौसम शुरू होते ही बाल विवाह की आशंका बढ़ने लगी है। उन्होने जिलेवासियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि देव उठनी ग्यारस के बाद लगातार विवाह मुहूर्त चल रहे हैं और ऐसे में बाल विवाह की घटनाओं में बढ़ोतरी की सूचनाएं सामने आती हैं। पिछले दो–तीन दिनों में प्रशासन ने तीन बाल विवाह रुकवाने में सफलता हासिल की है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बाल विवाह का सबसे बड़ा नुकसान उन मासूम बच्चों को होता है, जो अभी नाबालिग हैं और सही–गलत का भेद नहीं समझते। ऐसे बच्चों को अनजाने में ही ऐसे रिश्तों में बांधा जाता है, जिसमें उनका भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने बताया बाल विवाह निषेध अधिनियम के अनुसार, लड़की 18 वर्ष से कम और लड़के 21 वर्ष से कम का विवाह कानूनन अपराध है। इसमें केवल माता–पिता या परिवार ही नहीं बल्कि मैरिज गार्डन संचालक, बैंड–बाजा पार्टी, टेंट हाउस,केटरिंग, पंडित / मौलवी, बराती–घराती, आयोजन में शामिल सभी लोग सजा और जुर्माने के पात्र हो सकते हैं। उन्होने कहा ऐसे मामलों में गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई होती है, जिसमें कारावास भी शामिल है।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घंटेभर के रेस्क्यू से बचाई जान

# बिना मुड़ेर के 40 फीट गहरे कुएँ में गिरा बछड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत बम्होरी के मोटे हार में आज सुबह एक बड़ा हादसा टल गया जब बिना मुड़ेर के बने करीब 40 फीट गहरे कुएँ में चरते-चरते एक बछड़ा अचानक गिर गया। गहराई अधिक होने और कुएँ में पानी भरा होने के कारण उसकी जान पर बन आई थी। किसान भागीरथ विश्वकर्मा ने आवाज सुनते ही कुएँ में झाँककर देखा तो बछड़ा पानी में तैरने के लिए संघर्ष कर रहा था। उन्होंने तुरंत बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम बिना देर किए मौके पर पहुँची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब एक घंटे चले इस अभियान में कार्यकर्ता रस्सों के सहारे कुएँ में उतरे और बेहद सावधानी से बछड़े को पकड़कर ऊपर खींचा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने शांत मन और समझदारी से काम लेते हुए बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और कार्यकर्ताओं की जमकर प्रशंसा की। बताया जाता है कि क्षेत्र में कहीं भी गोवंश के कुएँ में गिरने, कीचड़ या नाले में फँसने, या मगरमच्छ/जंगली जानवरों के हमले की सूचना मिलती है तो बजरंग दल की टीम तुरंत सक्रिय हो जाती है। बीते दिनों बम्होरी हार में कुएँ में गिरी गाय, नाले में फँसे गोवंश, महुआखेड़ा जलाशय में मगरमच्छ के हमले से घायल गाय और गुलबाग क्षेत्र में हुए हमलों के मामलों में भी टीम ने कई जानें बचाई थीं।

आज के रेस्क्यू में दीपक गुप्ता, दिनेश ठाकुर, अभिषेक रजक, भागीरथ विश्वकर्मा, पंजी सेन, रोहित यादव और भूपेंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।ग्रामीणों ने कहा कि यदि कुएँ पर मुड़ेर होती तो यह हादसा टल सकता था। उन्होंने प्रशासन से ऐसे खुले कुओं को सुरक्षित कराने की मांग की है।

## संविधान से छेडछाड़ कर रही भाजपा- मानक पटेल

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान बचाओ दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि भाजपा चुनावी लाभ के लिये सामप्रदायिक ध्रुवीकरण करना यह भारत की मूल भावना, समानता, बंधुता और अखंडता के विरूध अपराध है पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद के नाम पर विपक्ष को कमजोर करना और सवालो के जवावो से भागना भाजपा की नीति निपति बन गई है। प्रदीप पटेल, परम यादव, सुषमा विक्रम ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, पप्पू कसोटया, मंजीत यादव, भूपेन्द्र आजवानी, आशुतोष शर्मा, अफजल खान, अमर सींग, मिक्की चंदेल, दृगपाल सींग, मदन सुमन, प्रवेन्द्र चंद्रकार, शाहिद खान, अनिल जैन, खिल्लू ठाकुर, रियाज खान ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि विहार चुनाव में भाजपा 100 सीटो पर लड़ी और 90 सीटे जीत गई इसी तरह 13 प्रत्याशियो को तो समान मत मिले जो अविश्वसनीय है। अनुसूचित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय जाटव द्वारा अम्बेडकर चौक पर बाबासाहेब की प्रतिमा पर समस्त कांग्रेसजनों ने पुष्पाहार किया। इस अवसर पर महिपाल सींग, जाबेद रोजान, ए.के. चिश्ती, कुलदीप अहिरवार, खुमान लोधी, देवकीनंदन लोधी, गजराज सींग, नरेश अहिरवार, राकेश राय, इनायत अली सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।



## गौर उत्सव के सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



डॉ. हरिसिंह गौर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर टाईम्स महाविद्यालय में गौर सप्ताह का आयोजन 20 नवम्बर से 26 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित की गई। गौर सप्ताह के प्रथम दिवस रंगोली एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता कराई गई। जिसकी मुख्य अतिथ श्रीमति अर्चना जैन रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी शर्मा ,द्वितीय स्थान प्रिया साहू ने प्राप्त किया।पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरिता सिंह लोधी एवं ,द्वितीय स्थान प्रियांशी नेमा ने प्राप्त किया। द्वितीय दिवस महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों के द्वारा सागर विश्वविद्यालय जाकर अपनी प्रस्तुती दी। इसी दिवस महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमति बेग मैडम रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरफा चांद एवं द्वितीय स्थान निधि पटैल ने प्राप्त किया। एवं पोस्टर मेकिंग में अभिषेक मुंडा ने प्रथम एवं शिवम यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय दिवस महाविद्यालय में कवि सम्मेलन एवं दोहे-मुहावरे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. प्रेमलता नीलम मैडम उपस्थित रहीं। इसमें प्रथम स्थान श्रध्दा पटैल एवं द्वितीय स्थान दिवयांका यादव ने प्राप्त किया।

इसी श्रंखला में कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं मीडिया प्रभारियों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारिता से जुडे अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। पंचम दिवस महाविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे रस्सा खीच, टीपू एवं रस्सी कूद का आयोजन किया गया। निर्णायक के रुप में जिला क्रीडा अधिकारी श्री गगन कनौजिया जी उपस्थित रहे। छटवे दिवस महाविद्यालय में क्विज एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. रश्मि जेता जी उपस्थित रहे। इसमें क्विज प्रतियोगिता में शिक्षा संकाय को प्रथम एवं विज्ञान संकाय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में श्रध्दा पटैल ने प्रथम एवं अंजली लखेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस गौर सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत सरस्वती माता के पूजन व गणेश वंदना से हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि श्री गोपाल पटैल, महामंत्री भाजपा एवं श्री के.सी.अग्रवाल, अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन दमोह द्वारा छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में सात दिवसीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्था के डायरेक्टर डॉ. सुशील गुप्ता द्वारा सभी को डॉ. हरिसिंह गौर जी के जन्मदिवस की बधाईयां दी गईं व प्राचार्या डॉ. मनजीत कौर साहनी द्वारा सभी को संविधान दिवस की शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## पंचायत भवन का मंत्री ने किया भूमिपूजन



**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम पौड़ी में 37.50 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले पंचायत भवन का विधायक एवं मध्यप्रदेश शास में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भूमिपूजन किया इस दौरान नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र का मंत्री ने निरीक्षण किया। मंत्री श्री लोधी ने कहां कि इस भवन के निर्माण से ग्राम वासियों को विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होगी इस भवन का क्षेत्रफल 3506.38 वर्गफिट है जिससे पेवर ब्लॉक, मीटिंग हाल,वैटिंग हाल, ग्राम रोजगार सहायक कक्ष, सचिव कक्ष, जनप्रतिनिधि हाल,स्टोर रूम गैलरी, शौचालय, किचन का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी,मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी, सरपंच बसोरी लोधी, उपयंत्री राजसाब थाना प्रभारी आलोक तरपुड़े,भाजपा जिला मंत्री भारत सिंह,विनीता कलस्ते,रश्मि साहू,संतकुमार पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक का समापन

**दमोह।** मध्यप्रदेश भारतीय मजदूर संघ प्रदेश पदाधिकारी व कार्य समिति का समापन हुआ-भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया-प्रदेश कार्य समिति को मार्गदर्शन करने हेतु अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्डमय पांड्या, अखिल भारतीय महामंत्री रविंद्र हमते का आगमन भोपाल में हुआ, इस अवसर पर अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, अखिल भारतीय महामंत्री रामनाथ गणेश से उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस के सत्र में अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर द्वारा किया गया क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील जी उपस्थित रहे! संगठनात्मक चर्चा, संगठन संबंधी कार्यों को गति देने हेतु हुई, हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन रहे है हम न्यूनतम वेतन की बात पर संघर्ष कर रहे हैं, जबकि मांग लिविंग वेज की बड़ी चर्चा होनी चाहिए, हमें पच परिवर्तन के विषय पर, समाज में काम करना है, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, जैसे विषयों पर प्रमुखता से कार्य करना है! श्रम संहिताओं पर सरकार ने पूर्व में सुझाव मांगा था हमने तय समय सीमा में सरकार को सुझाव भी दिया हमने 25 सुझावों के साथ सरकार के चार श्रम संहिताओं का समर्थन किया, जिसमें सरकार ने असंगठित क्षेत्र के 90 प्रतिशत मजदूरों को श्रम संहिता में सामाजिक सुरक्षा प्रदान की, महिला श्रमिकों को हेल्थ बेनिफिट में 3500 बोनस दिया जावेगा। सभी वर्कर्स को न्यूनतम वेज की गारंटी मिलेगी। सभी वर्कर्स को अपॉइंटमेंट लेटर मिलेगा। इससे सोशल सिक्योरिटी,रोजगार हिस्ट्री, और फॉर्मल इपॉलइंटमेंट प्राप्त होगा मान्य और जीवन स्तर सुरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार तय मानक वेतन के अनुसार श्रमिकों को मिलेगी मजदूरी, कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों की एम्पलाईबिलिटी बढ़ेगी, और सोशल सिक्योरिटी लीगल प्रोटेक्शन जैसे फायदे मिलेंगे।

## मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता जिला स्तरीय क्विज का हुआ आयोजन

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज-2025 (ऑफलाईन) प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक पंजीयन कार्य एवं 12:30 से 1:30 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 59 विद्यालयों की 03-03 विद्यार्थियों की टीम कुल 175 विद्यार्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराकर आफ लाईन क्विज-2025 प्रतियोगिता में भाग लिया। परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन उपरांत परिणाम घोषित किया गया। परिणाम अनुसार प्रथम स्थान पर शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विधालय जबेरा के विधार्थी .प्रतीक्षा लोधी-कक्षा 11वीं, हर्षित साहू -कक्षा 10वीं, कुहु राय -कक्षा 9वीं ,द्वितीय स्थान पर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय दमोह के विधार्थी अभय चौरसिया-कक्षा 12वीं, शुभ श्रीवास्तव-कक्षा 11वीं, चंद्रवर्ती सोलंकी-कक्षा 10वीं एवं तृतीय स्थान पर शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के विधार्थी चक्रेश पटेल-कक्षा 12वीं, आदित्य गुप्ता-कक्षा 11वीं राकेश विश्वकर्मा-कक्षा 10वीं की टीम विजेता रही। विजेता टीमों को वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विधालय दमोह के प्राचार्य आलोक सोनवलकर की उपस्थिति में प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक/रजत पदक/कांस्य पदक वितरित कर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में नोडल/ उप वन मंडल अधिकारी एम.डी.मानिकपुरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी सगोनी अखलेश चौरसिया, क्विज समन्वयक मोहन राय एवं दिलीप जोशी एवं वन मंडल कार्यालयीन स्टाफ एवं वन कर्मचारी स्टाफ की उपस्थिति रही।

## संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**तेंदूखेड़ा।** नगर में डां.अंबेडकर प्रतिमा थाने के पास बुधवार को 76 वां संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तहसील अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ तिलक राज ने बताया की 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा भारत सरकार द्वारा 2015 में की गई थी। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत किया था, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। लखन अहिरवार के द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया आयोजन के दौरान , तिलक राज अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ तहसील तेंदूखेड़ा, कंदीलाल माते तेंदूखेड़ा लोकराम, जगदीश अहिरवार, संतू, नोनेलाल, दशरथ,शंकर, दीनू ,बसोरी ,जीवन, उमाशंकर ,यश, दशरथ, रज्जू, मुकेश , भागीरथ,पंचू, सुनील,पप्पू , आनंदीलाल, की उपस्थिति रही , पत्रकार रंजीत अहिरवार ने आभार व्यक्त किया।

## संविधान दिवस का आयोजन



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी पी.चौधरी के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा भारत का संविधान सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ अवधेश जैन ने कहा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। जो भारत का सर्वोच्च कानून है। यह भारत को एक संप्रभु ,समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। इस अवसर पर निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ. दिनेश कुमार पटेल और डॉ राजेश पौराणिक द्वारा किया गया जिसमें छात्राओं ने संविधान पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रश्नोत्तरी में रीना पटेल प्रथम एवं निबंध प्रतियोगिता में रक्षा लोधी प्रथम,राधा गोंड द्वितीय, एवं शिवा दुबे तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या छात्राओं की उपस्थिति रही ।

## कांग्रेस की बीएलए बैठक सम्पन्न



**बनवार।** जबेरा विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत माला और बम्होरी मंडल की बीएलए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मंडलम प्रभारी राजा खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में दोनों मंडलों के अंतर्गत आने वाली सभी पोलिंग बूथों के बीएलए ने भागीदारी दर्ज कर संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा की। राजा खान ने बैठक में **SIR** सर्वे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए बीएलए की जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पोलिंग प्रभारी को अपने क्षेत्र की वास्तविक स्थिति, मतदाता सूची, बूथ संकेतों और संगठनात्मक आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से अपडेट करना होगा ताकि सर्वे रिपोर्ट सटीक और प्रभावी रूप से तैयार की जा सके। उन्होंने **SIR** सर्वे को संगठन की प्राथमिक प्रक्रिया बताते हुए सभी बीएलए को समयबद्ध और सक्रिय कार्यशैली अपनाने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित बीएलए ने बूथ स्तर पर होने वाली गतिविधियों, मतदाता संवाद और स्थानीय समस्याओं से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। इस दौरान राज राय, विक्रम सिंह दीवान, रमजान खान, राजकुमार सिंह, साहब सिंह, फारुक खान, वैभव सिंह, राशिद खान, रामदास, आबिद खान, नन्नू सिंह और अजहर खान सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य बूथ संरचना को मजबूत करना और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों के लिए कार्ययोजना तैयार करना रहा।

**खबर संक्षेप**

### सांस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण संपन्न

**दमोह।** शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने सांस कार्यक्रम के तहत आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जलज बजाज ने ब्लॉक स्तर पर कार्यरत मेडिकल ऑफीसर, आर.बी.एस.के. चिकित्सक, सीएचओ, एएनएम को नवजात एवं 5 साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर को कम करने तथा बीमारियों के प्रबंधन तथा रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण दौरान डॉ. बजाज ने निमोनिया के लक्षणों की शीघ्र पहचान एवं उपचार, जन्म के एक घंटे के भीतर एवं शुरूवाती छः माह तक केवल स्तनपान का महत्व, संक्रमण को कम करने में प्रभावी एण्टीबायोटिक औषधि के उपयोग के संबंध में उन्मुखीकरण किया । साथ ही जोखिम वाले बच्चों की शीघ्र पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं समय पर रेफरल, ऑक्सीजन सेचुरेशन तथा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर शिशु के स्वास्थ्य पर निगरानी एवं समुचित प्रबंधन के संबंध में सभी महत्वपूर्ण बातों को साझा किया गया। निमोनिया एवं बाल्यकाल में दिखाई देने वाले संक्रमण एवं अन्य जोखिम लक्षणों की पहचान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में बताया गया।

# एसआईआर का कार्य करते समय सहायक बीएलओ की तबियत बिगड़ी, जबलपुर रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर सर्वे का कार्य हटा तहसील में अधिकारियों व कर्मचारियों की दिन-रात मेहनत से लगभग अब अंतिम चरण मैं पहुंच गया है जिससे ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारी अब मानसिक रूप से तनाव में चल रहे हैं जहां इसी कार्य के दौरान बुधवार की दोपहर एक शिक्षक बीएलओ को अटैक आ गया जिससे आनन-फानन में सहायक कर्मचारी व परिजनों द्वारा निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां बीएमओ डॉक्टर यूएस पटेल व डॉक्टर मनीष बहेरिया द्वारा उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां उनकी हालात गंभीर होने पर जबलपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हटा तहसील की ग्राम पंचायत पाली मैं पदस्थ शिक्षक बीएलओ परसराम पटेल पिता लखन उम्र 55 वर्ष जो अपने सहयोगी बीएलओ रोजगार सहायक जगत सिंह यादव के साथ गांव में एसआईआर कार्य कर रहे थे अचानक उनके सीने में दर्द व घबराहट होने लगी तो गांव के लोग एकत्रित हो गए जहां रोजगार सहायक जगतसिंह यादव की सूझबूझ के चलते उन्हें निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां से देर शाम जबलपुर रेफर किया गया। घटना की सूचना रोजगार सहायक द्वारा सेक्टर सुपरवाइजर एवं एसडीएम तहसीलदार को दी गई जहां उनके निर्देशन में बीएलओ का बेहतरीन उपचार हेतु डॉक्टरों को निर्देशित किया गया। बताया गया कि अब बीएलओ की हालत मैं सुधार की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन द्वारा बीएलओ व सहायक कर्मचारियों के माध्यम से एसआईआर का कार्य कराया जा रहा है जिसमें समय कम होने के चलते कर्मचारी मानसिक तनाव में चल रहे है जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जिले में दिन रात भ्रमण कर कर्मचारियों का सहयोग कर मदद कर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं एवं स्वयं कर्मचारियों से पूछताछ कर हर संभव मदद कर रहे हैं एवं तनाव रहित कार्य करने की कर्मचारीयों से अपील कर रहे हैं।

### पूर्व में ही उन्हें बीएलओ के कार्य से मुक्त करते हुए सहायक बनाया था

जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सहायक बीएलओ का दायित्व निभा रहे शिक्षक परसराम पटेल की अचानक तबियत बिगड़ गई। एसआईआर कार्य निरीक्षण कर रहे नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार और अमले की मदद से शिक्षक को तत्काल हटा सिविल अस्पताल भेजा गया। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया शिक्षक के स्वास्थ्य को देखते हुए पूर्व में ही उन्हें बीएलओ के कार्य से मुक्त करते हुए सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था, इसके अतिरिक्त एक शिक्षक को भी सहयोग के लिए लगाया गया था ,उन्हें काम संबंधित कोई तनाव नहीं था।

# शतचंडी महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विंध्यवासिनी माता मंदिर कंकाली माई प्रांगण में आयोजित होने जा रहा श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ श्रद्धा, आस्था एवं जनकल्याण की भावना के साथ संपन्न किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के अंतर्गत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में माता-बहनों, विद्वान ब्राह्मणों, संत-महात्माओं एवं श्रद्धालु भक्तों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महायज्ञ का आयोजन मानस पाठ वाचक श्री वेदांताचार्य जी महाराज एवं प्रधानाचार्य यज्ञकर्ता पंडित राम गोपाल दोदेरिया के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जनकल्याण, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ किया जा रहा है।

यह तीन दिवसीय महायज्ञ दिनांक 26, 27 एवं 28 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आचार्यों द्वारा शतचंडी पाठ, यज्ञ, हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा समस्त भक्तों से निवेदन किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता-बहनों सहित पधारकर धर्म लाभ अर्जित करें। इस महायज्ञ में यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में पंडित कमलेश तिवारी के साथ सहयोगी के रूप में डॉ. अशोक मिश्रा, सतीश तिवारी, विकास मिश्रा, नीरज देवलिया, संजय सोनी, नवजोत गुटरू सोनी, दिलीप गुजराती, नंदलाल आयलानी, विनोद मखीजा, राकेश सोनी, दीपक मराठा, राजू चौरसिया, चंद्रेश राठौर, विजय राय, राजू राय, पवन शिवहरे, गणेश खटीक, संजू खटीक, अज्जूदी राय, राकेश गुजराती, तीरथ आयलानी, नरेंद्र सोनी, मुरारी राय, अजय कुमार संगतानी, गज्जू नेमा, रूपेश चौरसिया, संजय चौरसिया, दिलीप ठाकुर, डालचंद विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया एवं समस्त शिष्यगण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह दिव्य आयोजन क्षेत्र में धार्मिक चेतना के विस्तार के साथ-साथ सामाजिक एकता का संदेश भी दे रहा है।

# सकोर बीएलओ की बाइक से टकराई नीलगाय, इलाजरत

**हटा।** एसआईआर का कार्य कर घर वापस लौट रहे सकोर बीएलओ की बाइक से सड़क पार कर रही नीलगाय अचानक टकरा गई जिससे उनके हाथ पैरों में गंभीर चोटे आ जाने से घायल हो गए जिससे उपस्थित लोगों द्वारा उन्हें तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डाक्टर द्वारा उपचार उपरांत भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हटा तहसील के ग्राम सकोर में पदस्थ शिक्षक बीएलओ श्याम नारायण चौधरी पिता शिवनारायण चौधरी जो मडियादो के समीप जामुन झिरिया प्राथमिक शाला में पदस्थ हैं जहां से एसआईआर का कार्य कर घर वापस लौट रहे थे जहां रास्ते में पुरेना गांव के पास अचानक दौड़ते हुए सड़क पर कर रही नीलगाय शिक्षक की वाइक से टकरा गईं जिससे उनके हाथ वह पैरों में गंभीर चोटें आई गनीमत रही कि शिक्षक हेलमेट लगाए हुए थे जिससे वह बाल- बाल बच गए। घटना उपरांत मौजूद लोगों द्वारा उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

# एसआईआर सर्वे से लौट रहे बीएलओ सड़क हादसे में घायल

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थाना के अंतर्गत मंगलवार की शाम सड़क हादसे में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में लगे बीएलओ हादसे के शिकार हो गया। जिसें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी ली जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बोरिया स्कूल में पदस्थ बीएलओ दादूराम पिता गुलाबचंद नागपासे उम्र 38 वर्ष निवासी बालाघाट है जो कि ब्लॉक की बोरिया ग्राम पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर का काम निपटाकर वापस अपने निवास सर्रा आ रहे थे लेकिन रास्ते में आते समय उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सर्रा के अन्य शिक्षक गंभीर हालत में प्राइवेट वाहन से स्वास्थ्य केंद्र लाए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जिलेभर में इन दिनों एसआईआर का काम जोर-शोर से चल रहा है इस दौरान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना पत्रको का वितरण एवं फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। एसआईआर के काम के कारण बीएलओ पर काफी प्रशेर है जिसके कारण उनके स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ रहा है ।

# श्रीमद्भागवत कथा भक्त को भगवान से जोड़ने का माध्यम है - दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज

**जबेरा।** आनंद धाम पुरेनहाउ जबेरा में दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व का वर्णन करते हुए श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सनातन धर्म में सबसे प्रतिष्ठित और आध्यात्मिक ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ माना जाता है जिनका श्रवण करना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि एक दिव्य यात्रा है जो




प्राणी को आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध कर भगवान श्रीकृष्ण से जोड़ती है। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा कलयुग में प्राणी के मोक्ष का एक सरल मार्ग माना जाता है राजा परीक्षित ने केवल सात दिनों तक पूरे शुद्ध भाव से कथा श्रवण कर मोक्ष प्राप्त कर लिया था। श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सच्चिदानंद रुपाय श्लोक से होता है जो भगवान को सत, चित और आनंद के रूप में प्रणाम करता है। प्राणी को जन्म मरण के चक्र से मुक्ति प्रदान करने वाली श्रीमद् भागवत कथा में 18000 श्लोक और 12 स्कंधों में विभाजित है। कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि आज हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं की माता भगवती की कृपा से इस पावन भूमि पर श्री शतचंडी महायज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन हो रहा है और यह धार्मिक अनुष्ठान सभी क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि और मोक्ष की कामना को लेकर किया जा रहा है और यह है अवसर वर्षों बाद आया है और इसके बाद न जाने कब मां भगवती की कृपा हो और दोबारा अवसर मिले इसलिए सभी क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता निभाकर धर्म लाभ अर्जित करें। वही श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम के भव्य आयोजन में कालीधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर एवं यज्ञ संयोजक डॉक्टर राधे चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में सुबह 8: बजे से 12: बजे तक यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुजन पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

### सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त करने पर ट्रक पर 10 हजार का जुर्माना

**दमोह।** स्वच्छता सर्वेक्षण के वक्त हाल ही में बनाए गए नए तीन गुल्ली चौराहे को आंध्र प्रदेश के एक ट्रक ने मंगलवार की रात टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी सूचना जागरुक युवा संतोष पटेल और राजू ने हरीश पटेल को देते हुए उनके आने तक ट्रैफिक पुलिस जवान के साथ ट्रक को रोके रखा। ज्ञात हो कई वर्षों से उपेक्षित चौराहे को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल के प्रयास से कलेक्टर श्री सुधीर कोचर के दिशा निर्देश में बनवाया गया था। लेकिन ट्रक की टक्कर से पूरा चौराहा चारों तरफ से क्रैक हो गया था जिसकी रिपेयरिंग से भी उसका मजबूत बना रहना संभव नहीं था। जिस पर हरीश पटेल ने चौराहे को बनाकर देने या जुर्माना होगा की बात रखी। दोनों ही स्थिति में ट्रक ड्राइवर के राजी न होने पर उसको थाना कोतवाली में रखवा दिया। साथ ही कलेक्टर श्री सुधीर कोचर और नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र लोधी को हालात अवगत कराया गया। आखिरकार ट्रक वालो से 10000 की राशी चालन के रूप मे चौराहे के पुनर्निर्माण के लिए ली गई इससे ज्यादा की स्थिति में वो सक्षम नहीं थे हरीश पटेल इस दौरान सीएमओ से लगातार संपर्क में रहे और वो राशि लेकर उसे लिखित में देकर उसे जाने दिया।

# कबड्डी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दमोह।** भारत सरकार के अभियान खेलो इण्डिया-फिट इण्डिया अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दमोह के हटा नगर की महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला के खेल मैदान में कबड्डी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 नवंबर 25 को किया गया। जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता में हटा कॉलेज टीम, सी एम राईज स्कूल टीम, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल की टीम, मुहरई (हिनौता) टीम एवं हिण्डोरिया टीम ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता का फाईनल मैच हिण्डोरिया टीम ने जीता एवं वॉलीबाल प्रतियोगिता में मड़ियादो की टीम ने हिण्डोरिया को हराकर फाईनल जीता। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक, भाजपा नेता बहादुर पटेल, शिवचरण पटेल, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ नेमा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गोपाल पटेल, हर्ष पटेल, मनीष पलया, पी एल तंतवाय, नरेन्द्र चौकरया, लक्ष्मन तिवारी, शिवा भटेले, राजेश पटेल (भैंसा) राजा खान सहित अन्य अतिथियों ने विजेता,उपविजेता टीमों को पुरुष्कृत किया एवं अच्छा प्रदर्शन करने बाले गुड्डा पाण्डे मड़ियादो, उत्कर्ष वर्धन पटेल हिनौता, कमर खान, लक्ष्य, अरशद खान, भानू सिंह लोधी सहित सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं का ऑखों देखा हाल वॉकर श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों एवं दर्शकों को सुनाया गया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में की चर्चा




दमोह । प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटैल ने आज जिले की पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बांसाकला में नंदरई और बांसा शक्ति केंद्र के भाजपा बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संगठन के आगामी कार्यक्रमों, शासन की योजनाओं एवं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के संबंध में चर्चा की।

# शालेय हॉकी लीग प्रतियोगिता का समापन



**दमोह।** सालोमन उस्ताद ने पुराने मध्य प्रदेश से लेकर नये मध्य प्रदेश के गठन तक लगभग बीस वर्ष तक राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश टीम मे प्रतिनिधित्व किया। वे मध्य प्रदेश पुलिस टीम मे साठ से अस्सी के दशक तक खेले। सी एन टंडन एवम मीनूचेर पनवेली वाला के बाद हॉकी के मानसेवी सचिव 1992 तक रहे वर्ष 1997 मे उनके निधन से हॉकी की बडी क्षति हुई। सालोमन उस्ताद स्मृति शालेय हॉकी लीग प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। हॉकी दमोह के तत्वावधान मे आयोजित सालोमन उस्ताद शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता आर आर खुशाल, साहित्यकार नरेंद्र दुबे, एस व्ही सिंह खेल अधिकारी, हरि पहलवान, प्राचार्य हिडोरिया गर्ग जी, राष्ट्रीय जैन शाला देवाशीष, रामकुमार शाला से सोलंकी जी, नवजागृति शाला से विवियन राम, संजय चौरसिया के आतिथ्य मे हुआ। अतिथियो का स्वागत पप्पू साबिर मुहीद अजुम यशवंत परोचे चिकी सरोन ने किया नव जागृति शाला एवम शा हाईस्कूल हिडोरिया के रोमांचक मैच मे नवजागृति शाला ने दो शून्य गोल से पराजित किया। पहला गोल प्रियासु दुसरा गोल गाजी ने किये। निर्णायक शेख असार, तरूण नामदेव, विकास जैन, इमरान रहे। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली सभी टीमो को स्मृति चिन्ह भेट किये। विजेता उपविजेता एवम निर्णायको को व्यक्तिगत पुरुस्कार दिये। हॉकी दमोह के सचिव ललित नायक ने आयोजन की प्रस्तावना मे बताया कि हॉकी मध्य प्रदेश महासचिव लोकबहादुर के दिशानिर्देशन मे अठारह वर्ष से कम आयु समूह मे नये खिलाडियो को मैचो के माध्यम से आगे बढने का अवसर प्रदान करना है। सचिव ने सालोमन जी के खेल जीवन की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शेख असार ने किया आभार राजेश सालोमन ने व्यक्त किया। साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने खिलाडियो से आव्हान करते हुए सालोमन उस्ताद जैसे खिलाडी बनने प्रेरित किया। आर आर खुशाल ने उस्ताद के संस्मरण साझा की। इस अवसर पर भगवान सिंह विजय ठाकुर संतोष सेन किशन सिंह बंसत कुशवाहा सुरेंद्र हजारी रियाज मुकेश अतुल मेडम थापा आस्था रजक शैलजा आदि उपस्थित रहे।

# रिश्ता एकबार बनता है जीवन भर चलता है -जयंत मलैया

### सकल हिन्दू समाज जिला दमोह ने दी पूर्व पार्षद को श्रंद्धाजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सकल हिंदू समाज जिला दमोह के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्षद स्वर्गीय श्री लखन रोहित जी के लंबी बीमारी उपरांत निधन होने पर स्थानीय बजरंग वार्ड नंबर 3 बडापुरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व वित्त मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया ने श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि जब मेरी राजनीति की शुरुआत हुई तब से लखन रोहित के परिवार से दशकों पुराने संबंध है जो कल भी थी और जीवन पर्यंत संबंध रहेंगे लखन रोहित के निधन से परिवार को और समाज को बेहद छती हुई है जिसे पूर्ण नहीं किया जा सकता। सकल हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी ने कहा की लखन रोहित जी ने समाज में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने उसे समाज का नेतृत्व किया है जहां पर लोग परिवार से आगे नहीं बढ़ते लेकिन उन्होंने समाज को आगे बढ़ने का जो काम किया वह एक मिसाल है उनके दर्शन से परिवार को और समाज को गहरी छाती हुई है। समाज को आगे बढ़ाने में लखन रोहित जी जिस तरह कार्य करते थे अब उक्त कार्य को आगे बढ़ाने की जवाबदारी परिवार के साथ हम सभी की है। दमोह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तेजी राम रोहित ने कहा कि मेरे परिवार के छोटे भाई के निधन पर जिस तरह इस दुःख की घड़ी में सकल हिन्दू समाज जिला दमोह ने परिवार को ढांढस बंधाया है। यह रोहित परिवार के लिए सिंबल है। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत छाबड़ा,पूर्व भाजपा जिला महामंत्री रमन खत्री,अजाक्स के संरक्षक प्रताप रोहित, डाक्टर मोहन आदर्श,पूर्व सांसद प्रतिनिधि पं.आलोक गोस्वामी,सकल हिन्दू समाज जिला उपाध्यक्ष राजीव राय सावजी, प्रमोद विश्वकर्मा, भाजपा नेता राकेश दुबे (गुरु),सकल हिन्दू समाज नगर अध्यक्ष राममनोहर घारू, युवा नगर अध्यक्ष राजू नामदेव,सकल हिन्दू समाज के सदस्य धर्मेंद्र रोहित (डीके)ने श्रद्धाजलि सभा में अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। शोक सभा का सफल संचालन युवा सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के अध्यक्ष मोंटी रैकवार व आभार भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष रोहित के द्वारा व्यक्त गया। इस दौरान सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता डेलन रोहित,दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई, उपाध्यक्ष श्याम दुबे, सकल हिन्दू समाज जिला उपाध्यक्ष जगजीत सिंह बाधवा, राजीव राय सावजी, प्रमोद विश्वकर्मा, विशाल शिवहरे,भगवत बंसल,युवा नगर अध्यक्ष राजू नामदेव, रंजीत रोहित, सौरभ रोहित,हरेंद्र रोहित,वावू सोनी सहित बड़ी संख्या में सकल हिन्दू समाज के पदाधिकारियों एवं संरक्षक मंडल की मौजूदगी रही।

# संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का किया गया वाचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में एनसीसी इकाई, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्त्वावधान में आज संविधान दिवस पर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आलोक कुमार जैन ने संविधान की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का संविधान न केवल देश की प्रशासनिक व्यवस्था का आधार है बल्कि यह भारत की विविध संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने छात्रों को संविधान के आदर्शों– स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुता –को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया एवं संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण अनुच्छेदों पर विशेष प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. इंदिरा जैन ने संविधान में समाहित भारतीय दार्शनिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. एन. आर. सुमन ने कहा कि भारतीय संविधान में विश्व के विभिन्न देशों के संविधानों की चुनिंदा और सर्वोत्कृष्ट राष्ट्र हितकारी प्रावधानों को संविधान सभा में बहस में बहुमत के आधार पर ही शामिल किया गया एवं डॉ रमेश अहिरवार ने संविधान पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार दुबे, डॉ. मंगल सिंह, डॉ. बी डी रैकवार, विनोद साहु, एनसीसी अधिकारी, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रहित में संविधान के प्रति निष्ठा और जागरूक नागरिक बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अनिल जैन और आभार व्यक्त डॉ. के. एस. बामनिया ने किया।

**कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला - दमोह (म. प्र.)**

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2025/1683 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — पटेरा दिनॉक 25.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _464766_1 26/11/2025 | निकाय क्षेत्रांमर्गत एम.आर.एफ. प्रोसेसिंग शेड निर्माण | 1- 04 माह 2- 15.37 लाख | 1- 2000.00 2- 12000.00 | 27/12/2025 | प्रथम |
| 2 | 2025_UAD _464767_1 26/11/2025 | वार्ड क्रं. 11 में विजय जैन से पहाड़ तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 5.79 लाख | 1- 2000.00 2- 5800.00 | 11/12/2025 | प्रथम |
| 3 | 2025_UAD _464768_1 26/11/2025 | वार्ड क्रं. 11 में आनंद नामदेव से सिंघई जी तक नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 1.65 लाख | 1- 2000.00 2- 3300.00 | 11/12/2025 | प्रथम |
| 4 | 2025_UAD _464769_1 26/11/2025 | Rejuvenation of lake under amrut 2.0 scheme at patera | 1- 06 माह 2- 22.98 लाख | 1- 5000.00 2- 17235.00 | 11/12/2025 | तृतीय |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा, जिला - दमोह म. प्र.